

सचिवालय कूच कर रहे अधिवक्ताओं को रोकती पुलिस।

## संक्षिप्त समाचार

### लूटकांड का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर क्षेत्र में सर्राफ के यहां हुई लाखों की लूट मामले में पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लूट के बाद दो माह से फरार चल रहे थे। हालांकि पुलिस इस मामले में अन्य दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सात अक्टूबर को प्रेमनगर में बाइक सवार दो लुटेरों द्वारा देव ज्वैलर्स के मालिक देवेन्द्र कुमार को हथियारों के दम पर लूट लिया गया था। लुटेरे इस लूट में लाखों के जेवरात लूट ले गये थे।

### भारी मात्रा में शराब सहित दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। लग्जरी कार में शराब तस्करी कर रहे दो तस्करों को पुलिस ने चौकिंग के दौरान भारी मात्रा में शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरियाणा से शराब लाकर उसे पहाड़ों में सप्लाई करने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बड़े शराब तस्कर बाय ऋषिकेश होते हुए अवैध शराब की सप्लाई पहाड़ो में करने वाले हैं।

### एसडीएम चकराता जांच अधिकारी नामित

**संवाददाता** देहरादून। साहिया क्वानू मोटर मार्ग पर स्थित ग्राम गबेला में पूर्व में हुई यूटिलिटी जिलाधिकारी सी रविशंकर ने उप जिलाधिकारी चकराता डॉ. अपूर्वा सिंह को जांच अधिकारी नामित किया है। यूटिलिटी वाहन संख्या यूके–07ए–3464 के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 2 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 10 व्यक्ति घायल हुए थे। घटना की जांच हेतु जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी चकराता जांच अधिकारी डॉ0 अपूर्वा सिंह ने सर्वधारण को सूचित किया है कि वाहन दुर्घटना के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को जानकारी हो अथवा घटना के सम्बन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के भीतर किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, न्यायालय उप डीएम चकराता में उपस्थित होकर लिखित या मौखिक रूप से अपना पक्ष रख सकता है।

### एमवे ने न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्ब्स रेंज को मजबूत किया

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणीय डायरेक्ट सेलिंग एफएमसीजी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने आज न्यूट्रीलाइट मधुनाशिनी, शुंठी एवं त्वक और न्यूट्रीलाइट वसका, मुलेठी एवं सुरस के लॉन्च के साथ अपनी लोकप्रिय न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्ब्स रेंज को और व्यापक बनाया। नए उत्पाद नवप्रवर्तनों को आज एक कार्यक्रम में जाने–माने बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर द्वारा लॉन्च किया गया।

# वसंतोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

**तैयारी**

- राज्यपाल ने राजभवन प्रांगण में ट्यूलिप बल्ब का किया रोपण

देहरादून। **संवाददाता**

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने शुक्रवार को राजभवन प्रांगण में ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। विगत वर्ष राजभवन में ट्यूलिप पुष्प की मात्र 6 प्रजातियों का रोपण किया गया था, जबकि इस वर्ष 11 प्रजाति के 4000 बल्ब रोपित किये गये है। ये बल्ब वसन्तोत्सव 2020 तक पुष्पावस्था में रहेंगे। राज्यपाल श्रीमती मौर्य के निर्देशानुसार इस वर्ष ट्यूलिप क्यारी के निकट एक सेल्फी प्वांइट भी विकसित किया गया है, जहां पर वसन्तोत्सव 2020 के दौरान लोग सेल्फी ले सकेंगे। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2000 बल्ब अधिक रोपित किये गये हैं।



राजभवन परिसर में ट्यूलिप बल्ब का रोपण करते राज्यपाल बेबी रानी मौर्य।

राज्यपाल मौर्य द्वारा उत्तराखण्ड में ट्यूलिप के उत्पादन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्यपाल श्रीमती मौर्य ने कहा कि राजभवन उद्यान में ऐसे पुष्प भी लगाए जाएं जिनके माध्यम से पुष्प उत्पादन में लगे लोगों को प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि फ्लॉरिकल्चर को बढ़ावा देने से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राज्यपाल ने उद्यान अधिकारी को पुष्प प्रदर्शनी तक ट्यूलिप के व्यवसायिक उत्पादन तकनीक की जानकारी देने हेतु ट्यूलिप क्यारी के निकट तकनीकी सूचना लगाने के निर्देश भी दिए।

प्रथम बार राजभवन परिसर में ट्यूलिप का रोपण वर्ष 2015 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा किया गया था।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' अभियान के संवेदीकरण कार्यक्रम व जिला टास्कफोर्स की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास विभाग के समन्वय से आयोजित 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' अभियान के संवेदीकरण कार्यक्रम और जिला टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास क्षमा बहुगुणा द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा कराये गये संवेदीकरण, जन–जागरूकता, प्रशिक्षण और काउन्सिलिंग कार्यक्रमों का परिचय दिया।

# महिला सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी स्तर पर की कोताही बर्दाशत नहीं होगी

**समीक्षा**

महिला हेल्पलाइन, महिला सहायता सैल 1090 एवं वरिष्ठ नागरिक सैल के कार्यों की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था अशोक कुमार की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में महिला हेल्पलाइन, महिला सहायता सैल 1090 एवं वरिष्ठ नागरिक सैल के कार्यों में गुणवत्ता लाने और जनता में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इनके कार्यों की समीक्षा की गई।



डीजीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था अशोक कुमार समीक्षा बैठक लेते हुए।

अशोक कुमार ने कहा कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम एवं महिला उत्पीड़न संबंधी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए प्रत्येक जनपद में महिला हेल्पलाइन एवं महिला सहायता सैल 1090 स्थापित किये गये हैं, जिनकी सक्रियता को बढ़ाना, कार्यों में एकरूपता लाने एवं सैलों को संवदेनशीलता के साथ प्रभावी रूप से कार्य करने की जरूरत है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के सम्बन्ध में भी संवदेनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता है।

महिला सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी स्तर पर की गई कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जनपदों में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता हेतु एक ही राजपत्रित नोडल अधिकारी को नियुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सहायता सैल 1090 को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नाम दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 की कॉल केवल महिला कर्मियों द्वारा ही रिसीव की जाए। जनपद प्रभारियों द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी में महिला हेल्पलाइन एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 के कार्यों की समीक्षा की जाए। प्रत्येक थाना, चौकी, पुलिस कार्यालयों में पोस्टर एवं पोम्पलेट के माध्यम से महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 एवं इमरजेन्सी सेवा 112 का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से भी इनका प्रचार–प्रसार किया जाए। महिला एवं छात्राओं के प्रति हो रहे अपराधों के बारे में उन्हें जागरूक करने हेतु जनपद प्रभारियों द्वारा प्रत्येक माह स्कूल/कॉलेजों में महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में सेमीनार आयोजित किये जाएं। महिला हेल्पलाइन में काउंसलिंग प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से न बढ़ाया जाए। किसी भी प्रकरण में अधिकतम 3 काउंसलिंग या 02 माह तक काउंसलिंग की जाए। महिला हेल्पलाइन से काउंसलिंग के पश्चात अभियोग पंजीकृत करने हेतु थाने को भेजे गये प्रकरण में तत्काल अभियोग पंजीकृत किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण एवं उन्हें हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रत्येक जनपद में अलग से वरिष्ठ नागरिक सेल गठित किया जाए और इमरजेन्सी सेवा 112 एवं 1090 हेल्पलाइन वरिष्ठ नागरिकों हेतु भी कार्य करेगी।

पुलिस मुख्यालय स्तर पर महिला हेल्पलाइन, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 एवं वरिष्ठ नागरिक सैल की मासिक समीक्षा की जाएगी।

### अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर किया सचिवालय कूच, पुलिस से नोक-झोंक

**संवाददाता** देहरादून। बार एसोसिएशन के तहत आने वाले अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं को सचिवालय से पहले ही बैरिकेटिंग लगाकर रोक दिया गया। जिसके बाद पुलिस व अधिवक्ताओं की झड़पें भी हुई है। पिछले लम्बे समय से दून के सभी अधिवक्ता अपनी मांगों को पूरा कराने हेतू प्रयासरत हैं। इसके चलते आज अधिवक्ताओं ने अपने कार्यक्रम के तहत सचिवालय कूच किया। अधिवक्ताओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सचिवालय से पहले ही उन्हे बैरिकेटिंग लगाकर रोक लिया।

इस दौरान अधिवक्ताओं की पुलिस से तीखी नोंक झोंक भी हुई। वकीलों की मांग है कि अधिवक्ता चौम्बर हेतू अतिशीघ्र जमीन उपलब्ध करायी जाये, साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये, राज्य में 2000 से पहले के अधिवक्ताओं को राज्य आंदोलनकारी घोषित किया जाये, अन्य राज्यों की तरह अधिवक्ता कल्याण बोर्ड हेतू अधिवक्ता कल्याण कोष को स्थापित किया जाये। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**जताई चिंता**

**संवाददाता** देहरादून। आरटीआई क्लब ने दून विश्वविद्यालय में सरकारी हस्तक्षेप बंद किए जाने की मांग की है।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News

Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।